इस प्रश्न-पत्र में 31 प्रश्न तथा 7 मुद्रित पृष्ठ हैं।

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

कोड नं. **67/S/A**

सेट **A**

# नाट्य कला
# (285)

परीक्षा का दिन व दिनांक ____________________

निरीक्षकों के हस्ताक्षर 1. ____________________

2. ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

2. इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 02.15 बजे किया जाएगा। 02.15 बजे से 02.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

3. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

4. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

5. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (क), (ख), (ग) और (घ) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है।

6. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

7. परीक्षार्थी को परीक्षा हॉल में कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लुटूथ, इयरफोन जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है।

8. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं. **67/S/A-A** लिखें।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

# नाट्य कला
# (285)

**समय : 2 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 60**

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न पत्र में **31** प्रश्न हैं जिनमें [A] भाग में **12,** [B] भाग में **09,** [C] भाग में **06,** [D] भाग में **02** और [E] भाग में **02** शामिल हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के दाईं ओर प्रश्न के लिए निर्धारित अंक दिया गया है।

(iv) भाग [A] में प्रश्न संख्या **01** से **12** - वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न **(MCQs)** दिये गए हैं। प्रत्येक **1** अंक के होंगे। इनमें से प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें और लिखें। इनमें से कुछ प्रश्नों पर एक आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से केवल एक ही करना चाहिए।

(v) भाग [B] में प्रश्न संख्या **13** से **21** - वस्तुनिष्ठ प्रश्न/मिलान, रिक्त स्थान, सत्य-असत्य आदि दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न **दो** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर निर्देशानुसार दें।

(vi) भाग [C] में प्रश्न संख्या **22** से **27** तक अतिलघूत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है। निर्देशानुसार उन्हें **30** से **50** शब्दों की सीमा में समाहित किया जाना चाहिए।

(vii) भाग [D] में प्रश्न संख्या **28** और **29** लघूत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। निर्देशानुसार उन्हें **50** से **80** शब्दों की सीमा में समाहित किया जाना चाहिए।

(viii) भाग [E] में प्रश्न संख्या **30** और **31** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंक का है। निर्देशानुसार उन्हें **80** से **100** शब्दों की सीमा में समाहित किया जाना चाहिए।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

## भाग – A

**1.** उचित विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(अ) अभिनवगुप्त के अनुसार निम्नलिखित में से कौन नाट्यशास्त्र का अपर नाम नहीं है?

(क) नटसूत्र (ख) भरतशास्त्र (ग) नृत्यसूत्र (घ) नाट्यवेद

**अथवा**

(ब) नाट्यमण्डप का वर्णन नाट्यशास्त्र के किस अध्याय में प्राप्त होता है?

(क) प्रथम (ख) द्वितीय (ग) तृतीय (घ) चतुर्थ

**2.** उचित विकल्प का चयन कीजिए। **1**

(अ) 'शारिकपुत्रप्रकरण' किसकी रचना है?

(क) भवभूति (ख) अश्वघोष (ग) भास (घ) कालिदास

**अथवा**

(ब) देवताओं के लिए निर्मित ज्येष्ठ मण्डप की लम्बाई नाट्यशास्त्र में कितनी बतायी गयी है?

(क) 104 हाथ (ख) 108 हाथ (ग) 111 हाथ (घ) 115 हाथ

उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**3.** श्री रवीन्द्र नाथ टैगोर अपनी किस पुस्तक में 'कला क्या है' शीर्षक लेख में ज्ञान के दो पक्ष-कला और विज्ञान को स्वीकार करते हैं? **1**

(क) गीताञ्जलि (ख) पर्सनलिटी (ग) राजर्षि (घ) योगायोग

**4.** उचित विकल्प का चयन कीजिए। **1**

(अ) भारतीय साहित्य परम्परा में कितने कलाओं का वर्णन प्राप्त होता है?

(क) 16 (ख) 64 (ग) 32 (घ) 72

**अथवा**

(ब) महावीर चरित में परशुराम किस कोटि के नायक हैं?

(क) धीरोद्धत (ख) धीरोदात्त (ग) धीरललित (घ) धीरप्रशान्त

**5.** उचित विकल्प का चयन कीजिए। **1**

(अ) राजा के अन्त:पुर में प्रवेश करने वाला वृद्ध ब्राह्मण पात्र कौन होता है?

(क) विदुषक (ख) विट (ग) प्रतिहारी (घ) कञ्चुकी

**अथवा**

(ब) अभिनय का ग्रहण किस वेद से किया गया है?

(क) ऋग्वेद (ख) यजुर्वेद (ग) सामवेद (घ) अथर्ववेद



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**6.** उचित विकल्प का चयन कीजिए। **1**

सात्विकभाव हैं –

(क) 7 (ख) 11 (ग) 8 (घ) 16

**7.** उचित विकल्प का चयन कीजिए। **1**

मन में सदा सूक्ष्म रूप में विद्यमान रहने वाला भाव है –

(क) स्थायिभाव (ख) सञ्चारिभाव (ग) सात्विकभाव (घ) इनमें से कोई नहीं

**8.** उचित विकल्प का चयन कीजिए। **1**

'कुन्दमाला' नाटक में कितने अंक हैं?

(क) 4 (ख) 5 (ग) 6 (घ) 7

**9.** उचित विकल्प का चयन कीजिए। **1**

(अ) 'कुन्दमाला' में नान्दी पाठ के अन्तर्गत किस देवता की स्तुति है?

(क) शिव (ख) सरस्वती (ग) विष्णु (घ) गणेश

**अथवा**

(ब) 'कुन्दमाला' के लेखक दिङ्नाग का काल विद्वानों ने निर्धारित किया है –

(क) 700 ई. (ख) 1000 ई. (ग) 1200 ई. (घ) 1500 ई.

**10.** उचित विकल्प का चयन कीजिए। **1**

(अ) 'कुन्दमाला' का विदुषक है –

(क) वसन्तक (ख) शकार (ग) कौशिक (घ) माढव्य

**अथवा**

(ब) 'भारत-दुर्दशा' के प्रथम अंक में योगी कौन-सा गायन करता है?

(क) ध्रुपद (ख) लावणी (ग) सरगम (घ) ख्याल

**11.** उचित विकल्प का चयन कीजिए। **1**

'भारत-दुर्दशा' नाटक भारतेन्दु ने कब लिखा?

(क) 1867 ई. (ख) 1875 ई. (ग) 1870 ई. (घ) 1890 ई.

**12.** उचित विकल्प का चयन कीजिए। **1**

'भारत-दुर्दशा' में 'फौज का डेरा' किस अंक में दिखलाया गया है?

(क) 1 (ख) 2 (ग) 3 (घ) 4



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

### भाग - B

रिक्त स्थानों की पूर्ति करें। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

**13.** निम्नलिखित में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर दें – **2**

(अ) नाट्यशास्त्र में __________ अध्याय हैं तथा लगभग __________ श्लोक हैं।

(ब) भरतमुनि द्वारा रंगशीर्ष में __________ विशेष काष्ठखण्ड लगाने की विधि को __________ कहा गया है।

**14.** निम्नलिखित में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर दें – **2**

(अ) जब रंगमञ्च पर कोई पात्र प्रवेश करता है, तो __________ हटा दिया जाता है, इसी को __________ कहते हैं।

(ब) महाकवि कालिदास द्वारा नाटक को __________ कहा गया है।

**15.** निम्नलिखित में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर दें – **2**

(अ) __________, __________ और __________ के समाहार को संगीत कहते हैं।

(ब) चित्रकला दो प्रकार के माने गये हैं – __________ और __________।

**16.** उचित मिलान करें। **2**

| | **खण्ड – अ** | | **खण्ड – ब** |
|---|---|---|---|
| (i) | आक्षेपिका | (क) | क्रम के अनुसार |
| (ii) | अन्तरा | (ख) | क्रम को परिवर्तित करना |
| | | (ग) | बीच में |
| | | (घ) | अन्त में |

**17.** उचित मिलान करें। **2**

| | **खण्ड – अ** | | **खण्ड – ब** |
|---|---|---|---|
| (i) | भट्टनायक | (क) | विरेचन-सिद्धान्त |
| (ii) | अरस्तु | (ख) | सौन्दर्यीकरण |
| | | (ग) | साधारणीकरण |

**18.** उचित मिलान करें। **2**

| | **खण्ड – अ** | | **खण्ड – ब** |
|---|---|---|---|
| (i) | स्थायिभाव | (क) | रोमाञ्च |
| (ii) | सञ्चारिभाव | (ख) | रति |
| | | (ग) | मति |
| | | (घ) | अश्रु |



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

19. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य का चयन कीजिए –

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दें – 2

(अ) उदयन धीरप्रशान्त नायक है। सत्य/असत्य

(ब) अभि अभिमुखे नयति इति अभिनयः। सत्य/असत्य

(स) 'प्रतिनायक' नायक की लक्ष्य-सिद्धि में सहायक होता है। सत्य/असत्य

20. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य का चयन कीजिए – 2

(अ) कुश तथा लव का जन्म प्रवास के दौरान सीता के गर्भ से हुआ था। सत्य/असत्य

(ब) दिङ्नाग ने कुन्दमाला के लिए वाल्मीकि रचित रामायण के 'बालकाण्ड' को मुख्य आधार बनाया है। सत्य/असत्य

21. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य का चयन कीजिए – 2

(अ) पश्चिम रंगमंच का आरम्भ भारतीय नाटकों से मिलता है। सत्य/असत्य

(ब) रसकौमुदीकार श्रीकण्ड का कहना है कि गीत, काव्य और नाट्य-ये तीनों निरपेक्ष रूप से रस के उद्गम स्थान हैं। सत्य/असत्य

## भाग - C

अतिलघूत्तरीय प्रश्न।

22. नायक कितने प्रकार के होते हैं? नाम लिखें। 2

**अथवा**

नाट्यशास्त्र में आचार्य भरत द्वारा प्रतिपादित अलंकारों के नाम लिखें।

23. आचार्य भरतमुनि प्रणीत रस-सूत्र को लिखें। 2

**अथवा**

आचार्य भरतमुनि ने नाट्य के अन्तर्गत कितने रसों को स्वीकार किया है? उनके नाम लिखें।

24. 'कुन्दमाला' नाटक के अनुसार श्रीराम अपने किस पुत्र को राज्य का उत्तराधिकारी बनाते हैं? 2

25. 'कुन्दमाला' नाटक के आधार पर महर्षि वाल्मीकि का आश्रम किस वन में है? 2

26. 'भारत-दुर्दशा' के छठे अङ्क के आरम्भ में कौन-सा पात्र भारत के प्राचीन ऐतिहासिक गौरव और वर्तमान दशा के बारे में करूण विलाप करता है? 2

**अथवा**

'भारत-दुर्दशा' नाटक के अनुसार परम पुरुषार्थ क्या है?

27. ग्रीक रंगमञ्च की उत्पत्ति किससे मानी जाती है? 2



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## भाग - D

लघूत्तरीय प्रश्न।

28. नाट्यमण्डप के प्रकारों का संक्षिप्त में वर्णन करें। 3

**अथवा**

नाट्यशास्त्र के अनुसार इतिवृत्त का संक्षेप में परिचय प्रस्तुत करें।

29. संगीतकला को परिभाषित करते हुए, इसपर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। 3

## भाग - E

30. नायक तथा नायिका के अलावा नाटक के अन्य प्रमुख पात्रों को विवेचित करें। 6

**अथवा**

अभिनय के स्वरूप एवं उसके प्रकारों को विवेचित करें।

31. 'भारत-दुर्दशा' नाटक की कथावस्तु का सारांश प्रस्तुत करें। 6

- o 0 o -



Unnati Educations
9899436384, 9654279279